Dainik Bhaskar (Indore), 03rd May 2026, Page – 02

इंदौर में 57 केंद्र और 23 हजार छात्र; कपड़े में बड़े बटन वालों को एंट्री नहीं

नीट-यूजी आज : हाफ आस्तीन शर्ट, चप्पल ही पहन सकेंगे, स्टेशन से छात्रों के लिए बसें चलेंगी

भास्कर संवाददाता | इंदौर

मेडिकल कॉलेजों में दाखिले के लिए देश की सबसे बड़ी प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी रविवार को होगी। शहर में 57 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 23 हजार 160 छात्र-छात्राएं परीक्षा देंगे। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) और जिला प्रशासन ने परीक्षा केंद्रों पर पुख्ता इंतजाम किए हैं। परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5.20 बजे तक ऑफलाइन मोड में होगी। इसके लिए सुबह 11 बजे से रिपोर्टिंग शुरू होगी, जबकि दोपहर 1.30 बजे के बाद किसी भी छात्र को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

परीक्षा में स्टूडेंट्स को केवल हाफ आस्तीन के हल्के कपड़े और चप्पल या कम हील वाले सैंडल पहनने की अनुमति रहेगी। जूते, फुल आस्तीन की शर्ट, बड़े बटन या भारी कढ़ाई वाले कपड़े पहनकर आने वालों को प्रवेश नहीं मिलेगा। साथ ही मोबाइल, आभूषण, बेल्ट, स्मार्ट वॉच, गॉगल और घड़ी पूरी तरह प्रतिबंधित है। जो परीक्षार्थी धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बुर्का या पगड़ी जैसी पारंपरिक पोशाक पहनकर आएंगे, उन्हें सघन जांच के लिए अनिवार्य रूप से दोपहर साढ़े 12 बजे तक केंद्र पर रिपोर्ट करना होगा। ऑफलाइन टेस्ट के लिए पेन ले जाने की भी मनाही है। परीक्षार्थियों को परीक्षा हॉल में ही पेन उपलब्ध कराया जाएगा। परीक्षा के लिए सरकारी स्कूल-कॉलेजों के साथ आईआईटी, आईआईएम और देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के विभागों में केंद्र बनाए गए हैं। नकल रोकने के लिए एनटीए ने सख्त ड्रेस कोड लागू किया है।

भास्कर एक्सप्लेनर

सांवेर रोड, आईआईएम तक पब्लिक ट्रांसपोर्ट रहेगा

बाहर से आने वाले परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड से एआईसीटीएसएल की विशेष बसें चलाएगा। ये बस सेवा सुबह 9 बजे से शुरू होगी, जो सांवेर, आईआईटी सिमरोल, आईआईएम और महू जैसे चार प्रमुख रूट पर उपलब्ध रहेगी। परीक्षा के बाद शाम 5 बजे यही बसें छात्रों को वापस छोड़ने के लिए केंद्रों पर मौजूद रहेंगी। सुचारु यातायात के लिए ट्रैफिक पुलिस की विशेष टीम तैनात की गई है।

प्रिंटेड एडमिट कार्ड जरूरी

स्टूडेंट्स को अपने साथ एनटीए की वेबसाइट से डाउनलोड किया गया प्रिंटेड एडमिट कार्ड लाना होगा। इस पर तय जगह पर पासपोर्ट साइज फोटो और बाएं हाथ के अंगूठे का निशान लगा होना चाहिए। अटेंडेंस शीट पर चिपकाने के लिए एक अतिरिक्त पासपोर्ट साइज फोटो और एडमिट कार्ड के साथ डाउनलोड किए गए प्रोफार्मा पर 4x6 का रंगीन फोटो चिपकाकर ले जाना होगा। वैध फोटो आईडी (जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी या पैन कार्ड) अनिवार्य है। मोबाइल में आईडी या फोटोकॉपी मान्य नहीं होगी।

जनरेटर की व्यवस्था रहेगी

भीषण गर्मी को देखते हुए प्रशासन ने इस बार परीक्षा केंद्रों के बाहर अभिभावकों के बैठने के लिए टेंट और ठंडे पानी के विशेष इंतजाम किए हैं। सभी केंद्रों पर मेडिकल स्टाफ तैनात रहेगा और आपात स्थिति के लिए 5 प्रमुख केंद्रों पर एम्बुलेंस मुस्तैद रहेगी। दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए व्हीलचेयर और बिजली कटौती से निपटने के लिए जनरेटर की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा के लिहाज से सभी केंद्रों पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट, उड़नदस्ते और पुलिस बल के साथ-साथ जैमर व सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रखी जाएगी।